(c) and (f) Sponsoring authority i.e. Border Security Force (BSF) has not yet formally allotted a plot of land for construction of permanent school building as per initial terms and conditions agreed to by them at the time of opening of Vidyalaya.

The Kendriya Vidyalaya Sangathan has been requesting BSF authorities regularly to provide adequate area of suitable land at proper location for construction of permanent school building. Pending allotment of land by BSF, the Vidyalaya is running in temporary sheds provided by sponsoring authority.

## देश में निरक्षर लोगों की संख्या

2700. **श्रीमती वीणा वर्मा:**
**श्री राधा किशन मालवीय:**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अद्यतन स्थिति के अनुसार देश में निरक्षर लोगों की राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) निरक्षरता कम करने के लिए सरकार ने प्रति वर्ष क्या लक्ष्य रखा है: और

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (डा॰ मुरली मनोहर जोशी):** (क) देश में दस वर्षीय जनगणना कार्यों के माध्यम से साक्षरता संबंधी आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार देश में निरक्षर व्यक्तियों की राज्यवार संख्या संलग्न विवरण में दी गई है नीचे देखिए। साक्षरता में बाद की वृद्धि का पता उस समय चलेगा जब अगली जनगणना कराई जाएगी।

(ख) और (ग) निरक्षरता कम करने के लिए कोई वार्षिक लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए हैं। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का उद्देश्य इस शताब्दी के अन्त तक समयबद्ध रूप से 15-35 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्तियों को साक्षर बनाना है।

**विवरण**

**संलग्नक**

| क्रम सं॰ | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | निरक्षर व्यक्ति (हजार में) |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 31057 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 398 |
| 3. | असम | 8477 |
| 4. | बिहार | 42206 |
| 5. | दिल्ली | 1931 |
| 6. | गोवा | 253 |
| 7. | गुजरात | 13348 |
| 8. | हरियाणा | 5889 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 1566 |
| 10. | कर्नाटक | 16487 |
| 11. | केरल | 2574 |
| 12. | मध्य प्रदेश | 29625 |
| 13. | महाराष्ट्र | 22985 |
| 14. | मणिपुर | 614 |
| 15. | मेघालय | 703 |
| 16. | मिजोरम | 100 |
| 17. | नागालैण्ड | 385 |
| 18. | उड़ीसा | 13397 |
| 19. | पंजाब | 7043 |
| 20. | राजस्थान | 21597 |
| 21. | सिक्किम | 141 |
| 22. | तमिलनाडु | 18075 |
| 23. | त्रिपुरा | 893 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | 64769 |
| 25. | पश्चिम बंगाल | 23907 |
| 26. | अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह | 63 |
| 27. | चण्डीगढ़ | 121 |
| 28. | दादरा व नागर हवेली | 65 |
| 29. | दमन व दीव | 25 |
| 30. | लक्षद्वीप | 9 |
| 31. | पांडिचेरी | 176 |

इनमें जम्मू और कश्मीर के आंकड़े उपलब्ध नहीं है क्योंकि वहां कोई जनगणना नहीं हुई थी।